


## स्मृति मंधाना आईसीसी टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारतीय स्टार महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना शुक्रवार को बल्लेबाजों की ताजा जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में तीन पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गई जबकि जेमिमा रोड्रिग्स सातवें नंबर पर खिसक गईं। हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजों की इस सूची में नौंवे स्थान पर कायम हैं। गेंदबाजों की सूची में पूनम यादव छह पायदान खिसककर शीर्ष 10 से बाहर हो गईं और अब 12वें स्थान पर बनी हुई हैं। आईसीसी ने बयान में कहा कि न्यू जीलैंड की तीसरे नंबर की खिलाड़ी सूजी बेट्स ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उनकी साथी और कप्तान सोफी देविने चार पायदान की छलांग से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी और मंधाना ने जहां रैंकिंग में ऊपर की ओर कदम बढ़ाये तो वहीं मेग लैनिंग को तीन पायदान का नुकसान हुआ, हालांकि वह शीर्ष पांच में बनी हुई हैं। गेंदबाजों में एलिसे पैरी अपने शानदार प्रदर्शन के बूते चार पायदान की छलांग से शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं। वह सातवें नंबर पर पहुंच गईं।

# न्यू जीलैंड में ओपनर्स फेल टेस्ट सीरीज में कैसे बनेगी बात

**क्रिकेट**

## लेकिन जरूरत पड़ी तो ओपनिंग के लिए तैयार हूंः हनुमा विहारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। भारतीय टीम को अगले शुक्रवार से मेजबान न्यू जीलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की शुरुआत करनी है। इससे पहले आज भारतीय टीम न्यू जीलैंड इलेवन के खिलाफ अपना एकमात्र तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेल रही है। अभ्यास मैच के पहले ही दिन टीम इंडिया के तीनों ओपनिंग बल्लेबाज फ्लॉप हो गए हैं। शुभमन गिल और पृथ्वी साव तो अपना खाता भी नहीं खोल पाए वहीं मयंक अग्रवाल 13 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर पविलियन लौट गए। तीनों ही बल्लेबाजों को स्कॉट कगिलेन ने अपना शिकार बनाया। हालांकि हनुमा विहारी (101') और पुजारा की दमदार पारियों की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए।

सेडन पार्क हैमिल्टन में खेले जा रहे इस अभ्यास मैच में पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल की जोड़ी ओपनिंग पर उतरी थी। साव पहले ही ओवर में 4 गेंदें खेलकर कैच आउट हो गए। इसके बाद दूसरे छोर पर मयंक ने अगले 5 ओवर तक क्रीज पर टिकने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कुल 13 गेंदों का सामना किया और फिर वह कगिलेन की ही गेंद पर कैच आउट हो गए। मयंक अपनी इस पारी में केवल 1 रन ही बना पाए।



मयंक के आउट होने के बाद नंबर 4 पर ओपनिंग के दावेदार माने जा रहे युवा शुभमन गिल को क्रीज पर भेजा गया। लेकिन गिल पहली ही गेंद पर कैच आउट हो गए। इस बीच नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने में माहिर बल्लेबाज और भारत की नई दीवार चेतेश्वर पुजारा ने बॉल पर बखूबी अपनी नजरें जमाने का काम किया और उन्होंने पूरा धैर्य दिखाते हुए अपनी पारी को आराम से आगे बढ़ाया और अपनी फिफ्टी पूरी की। इस बीच भारतीय टीम को दूसरे छोर से उपकप्तान अजिंक्य रहाणे के रूप में चौथा झटका लग चुका था। रहाणे ने 30 गेंदों में 1 चौके की मदद से 18 रन बनाए।

अब क्रीज पर हनुमा विहारी आए और उन्होंने पुजारा के साथ सही ढंग से पांव जमाने का काम किया। दोनों बल्लेबाजों ने भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। पुजारा 93 रन बनाकर आउट हुए। अपनी 211 गेंदों की इस पारी में इस भरोसेमंद बल्लेबाज ने 11 चौके और 1 छक्का जमाया। दूसरे छोर से हनुमा विहारी ने अपना शतक पूरा किया और बाद में वह रिटायर्ड हर्ट होकर नाबाद पविलियन लौट गए। 101 रन की अपनी पारी में विहारी ने 10 चौके और 3 छक्के जमाए।

न्यू जीलैंड के दोयम दर्जे के गेंदबाजी आक्रमण के सामने भारतीय ओपनिंग की इस हालात के बाद हनुमा विहारी ने कहा है कि अगर टीम मैनेजमेंट चाहे तो वह ओपनिंग के लिए तैयार हैं।

# अपने संन्यास का समय महेंद्र सिंह धोनी को खुद तय करना है : शुक्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। लेकिन अपने संन्यास के बारे में उन्हें खुद फैसला करना है।

शुक्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, धोनी एक महान खिलाड़ी हैं और उनमें अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। लेकिन अपने संन्यास का समय उन्हें खुद ही तय करना है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चेयरमैन ने कहा, किसी भी खिलाड़ी के बारे में बीसीसीआई की तय नीति है कि यह फैसला उसे ही करना है कि वह क्रिकेट से कब संन्यास लेगा। गौरतलब है कि धोनी टेस्ट



क्रिकेट से तो संन्यास ले चुके हैं। लेकिन सीमित ओवरों के प्रारूप में इस 38 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज के भविष्य को लेकर अटकलों का दौर जारी है। दो बार विश्व खिताब जीतने वाली भारत की टीम के कप्तान रहे धोनी इंग्लैंड में 2019 विश्व कप से भारत के बाहर होने के बाद से ब्रेक पर हैं। धोनी के मार्च के अंत में शुरू होने वाले आईपीएल में वापसी करने की उम्मीद है जहां वह चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कथित सट्टेबाज संजीव चावला को बृहस्पतिवार को ब्रिटेन से प्रत्यर्पित कर भारत लाए जाने के बारे में पूछे जाने पर शुक्ला ने संतुलित प्रतिक्रिया में कहा, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कानून अपना काम करेगा। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबलों का कैलेंडर इस तरह तैयार किया जाना चाहिये जिससे दो स्पर्धाओं के बीच खिलाड़ियों को पर्याप्त आराम मिल सके।

## खिलाड़ियों पर वर्कलोड ज्यादा, पाक नहीं जाएगी साउथ अफ्रीकी क्रिकेट टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान में टी20 इंटरनैशनल सीरीज फिलहाल स्थगित कर दी है। टीम ने कहा है कि उसे अगले महीने भारत का दौरा भी करना है और खिलाड़ियों के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए उसने ऐसा किया है। यह दौरा बाद में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) बाद में इस दौरे की तारीख तय करेंगे।

साउथ अफ्रीका को 12 से 18 मार्च के बीच भारत के खिलाफ तीन वनडे इंटरनैशनल मैचों की सीरीज खेलनी है। और पाकिस्तान दौरे पर तीन टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज का आयोजन इसके बा होना था। साउथ अफ्रीका फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रही है। इससे पहले उसने चार टेस्ट और तीन वनडे इंटरनैशनल मैचों की सीरीज भी खेली है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल की सीरीज के बाद साउथ अफ्रीकी टीम तीन वनडे और टी20 इंटरनैशनल मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी। इस दौरे का आखिरी मुकाबला 7 मार्च को खेला जाएगा। इससे भारत के खिलाफ सीरीज के पहले मैच उसके पास एक सप्ताह से भी कम का वक्त बचेगा।

## न्यूज डायरी



### रोहित शर्मा ने पत्नी के साथ वैलेंटाइन के मौके पर शेयर की प्यारी सी तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा चोट के कारण न्यू जीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। इस समय वो वह अपने परिवार के साथ बिता रहे हैं। शुक्रवार को वैलेंटाइन दिन के मौके पर उन्होंने अपनी पत्नी रितिका सजदेह के साथ एक प्यारी सी तस्वीर साझा की। उन्होंने इसके साथ कैप्शन दिया– हैपी वैलेंटाइन सभी को। अपने चाहने वालों को ऐसे चाहो जैसे कल हो न हो। इस संदेश के साथ रोहित ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की। रोहित के तस्वीर शेयर करते ही फैंस ने संदेशों की भरमार कर दी। रोहित न्यू जीलैंड के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 इंटरनैशनल के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। वह 60 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे जब उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा था। भारत ने यह सीरीज 5–0 से जीती थी।

### भारतीय पुरूष टीम ने थाईलैंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला (फिलीपींस)। भारतीय पुरूष टीम ने शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चौम्पियनशिप में थाईलैंड पर 3–2 की रोमांचक जीत से सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। स्टार शटलर किदाम्बी श्रीकांत और बी साई प्रणीत को पहले दो एकल मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन भारत ने अगले तीन मुकाबलों में वापसी करते हुए जीत हासिल की जिसमें एक एकल और दो युगल मुकाबले शामिल थे। इस तरह भारत ने क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी जहां उसका सामना दो बार की गत चौम्पियन इंडोनेशिया से होगा। पुरूष टीम ने पिछला पदक हैदराबाद में 2016 चरण में कांस्य पदक के रूप में जीता था। विश्व चौम्पियनशिप के कांस्य पदकधारी बी साई प्रणीत सबसे पहले उतरे, लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हो सका और वह दुनिया के 12वें नंबर के कंटाफोन वांगचारोएन से 14–21 21–14 12–21 से हार गये।

### बोपन्ना–शापोवालोव विश्व टेनिश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोटरडम। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कनाडा के उनके जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव ने एबीएन एमरो विश्व टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। गैरवरीय भारतीय और कनाडाई खिलाड़ी की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त रोमानिया के जीन–जूलियन रोजर और कनाडा के होरिया तेकाउ की जोड़ी को गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल में 6–2, 3–6, 10–7 से हराया। बोपन्ना और शापोवालोव ने पहली सर्विस पर 67 प्रतिशत सफलता हासिल की और सात में से तीन ब्रेक प्वाइंट बनाये। सेमीफाइनल में उनका सामना हेनरी कोंटिनेन और जान लेनार्ड स्ट्रफ तथा जैमी मर्रे एवं नील स्कुपस्की की जोड़ी के बीच होने वाले अंतिम आठ मुकाबले के विजेता से होगा।

### प्रजनेश और सुमित बाहर, भारत की एकल में चुनौती समाप्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारत के शीर्ष खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन और सुमित नागल के गुरुवार को यहां प्री क्वॉर्टर फाइनल में हारने से बेंगलुरु ओपन की पुरुष एकल स्पर्धा में मेजबान देश की चुनौती भी समाप्त हो गई। सातवें वरीय प्रजनेश को फ्रांस के निचली रैंकिंग के बेंजामिन बोंजी से 6–7, 0–6 से हार मिली। आठवीं वरीयता प्राप्त सुमित को स्लोवेनिया के 11वें वरीय ब्लाज रोला से 3–6, 3–6 से शिकस्त मिली। टूर्नामेंट से बाहर होने वाले अन्य खिलाड़ियों में 17वें वरीय रामकुमार रामनाथन, साकेत माइनेनी, वाइल्ड कार्डधारी निकी पूनाचा और सिद्धार्थ रावत शामिल रहे। महान खिलाड़ी लिएंडर पेस का पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंचना भारतीय शिविर में खुशी की खबर रही जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडन के साथ मिलकर जीत हासिल की।